an>

Title: डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) : **मैडम, आपकी कृपा दृष्टि हुई, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।**

***m**01

माननीय अध्यक्ष : **यह होती रहती है, अगर आप थोड़े में बोलेंगे और समय का ध्यान रखेंगे।**

डॉ. सत्यपाल सिंह: **मैडम, मैं हाथ उठाता रहता हूं, लेकिन कई दिनों से आपकी कृपा दृष्टि नहीं होती।**

मैडम, मेरा बागपत क्षेत्र नेशनल कैपिटल रीज़न का पार्ट है और दिल्ली से 15 किलोमीटर दूर से शुरू होता है। दिल्ली के चारों तरफ सबसे खराब रोड अगर किसी क्षेत्र की है तो मेरे क्षेत्र की है। मैं इसे दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे बनाने के लिए कई महीनों से प्रयत्न कर रहा हूं। मुख्यमंत्री जी से मैंने पत्र व्यवहार किया। उनके पर्सनल ट्विट हैं, वह कहते हैं कि जिस कम्पनी को उन्होंने ठेका दिया, यह स्टेट हाईवे है, वह कम्पनी बना नहीं सकती है क्योंकि उसकी फाइनेंशियल पोजीशन बहुत खराब है।

<u>13.00 hrs</u>

और वे पुरानी सरकार को कोसते हैं। लेकिन इतना होते हुए भी मैंने उन्हें लिखा कि इसे निरस्त करके नेशनल हाईवे अथारिटी को दिया जाए। भारत सरकार ने उसके लिए 343 करोड़ रुपये सैंक्शन किये हैं और जब तक स्टेट गवर्नमैन्ट उसके लिए नो ऑब्जैक्शन नहीं देगी, नेशनल हाईवे अथारिटी उसे बना नहीं सकती। मेरा यह प्रिविलेज मोशन है, क्योंकि एक सांसद को उन्होंने गलत इंफोर्मेशन दी है और राइटिंग में दी है। एक तरफ ये बातें हैं और दूसरी तरफ मुझे लिख रहे हैं कि कंपनी को 721 दिन, लगभग दो साल के लिए बढ़ाकर कांट्रैक्ट दे दिया है। उनका कांट्रैक्ट सितम्बर, 2014 में खत्म हो गया था। दो साल के बाद वहां समाजवादी पार्टी की सरकार नहीं रहेगी तो दो साल तक कुछ नहीं होगा। वहां लाखों लोग रहते हैं, उन लाखों लोगों ने क्या पाप किया है कि न भारत सरकार उस पर ध्यान देती है और न यू.पी. सरकार उस पर ध्यान देती है। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि आपकी तरफ से भारत सरकार को एक डायरेक्शन जानी चाहिए कि जल्दी से जल्दी इसे नेशनल हाईवे में परिवर्तित किया जाए। धन्यवाद।